Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding implementation of 'Patmada Pump Nahar' scheme in Jharkhand -laid.

श्री बिद्‌युत बरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि विगत कई वर्षों से मैं एक सिंचाई योजना के निर्माण के लिए प्रयासरत हूं । मुझे बताया गया कि नीमडीह, वामनी, बोड़ाम एवं पटमदा क्षेत्र स्वर्णरिखा बहुउद्देशीय परियोजना के कमांड क्षेत्र से बाहर है । इन क्षेत्रों के आदिवासी, पिछड़े एवं गरीब किसान सब्जी की खेती प्रचुर मात्रा में करते हैं तथा इसकी आपूर्ति जमशेदपुर आसपास के इलाकों में बेचकर अपना गुजारा करते हैं । यदि इन क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाय तो क्षेत्रों के किसानों का आर्थिक विकास होगा तथा रोजगार की खोज में बहुत हद तक इनका पलायन भी रुक जाएगा ।

उपरोक्त संबंध में मैंने जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार के सचिव से दिनांक 7.4.2021 को मिला था । सचिव के द्वारा इस संबंध में मुख्य अभियंता चांडिल कंपलेक्स जमशेदपुर को योजना बनाने का निदेश दिया गया है । मुख्य अभियंता द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चांडिल जलाशय योजना से पंप कर एक लाइक इरीगेशन की योजना परिकल्पित की गई है जिससे लगभग 12000 से 15000 हेक्टेयर भूमि मैं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी तथा लगभग 6000.00 करोड़ रुपए व्यय होगा । इस योजना का नाम पटमदा पंप नहर रखा गया है । इस योजना का विस्तृत सर्वेक्षण एवं डीपीआर इत्यादि बनाने का कार्य बरसात के बाद किया जाएगा ।

अतः माननीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि इस योजना के त्वरित कार्यवाही हेतु जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार को स्मरण कराने की कृपा की जाए ।